मामला शहर की पॉश कॉलोनी शास्त्री नगर का

# 50 पेड़ काट दिए, लेकिन अब तक कार्रवाई का आदेश नहीं

लगातार



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित

27-5-21



रतलाम. शहर के पॉश कॉलोनी क्षेत्र शास्त्री नगर में मिनी स्मार्ट सिटी के लिए बगैर मंजूरी काम शुरू करने वाली कंपनी ने 50 से ज्यादा पेड़ काट दिए, लेकिन पेड़ कटने के 48 घंटे बाद भी कोई कार्रवाई नगर निगम ने नहीं की है। निगम के आला अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। बता दे कि जिस कंपनी ने यह कार्य किया, उसको ब्लैक लिस्टेड करने के लिए अप्रैल में ही कार्रवाई हो गई थी।

बता दे कि बुधवार को मिनी स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत सीसी रोड बनाने के कार्य की शुरुआत जिस आर्यवृत प्रोजेक्ट एंड डेवलपर्स भोपाल की कंपनी ने किया, उसको तो 5 अप्रैल 2020 को ही ब्लैक लिस्टेड करने का खुलासा हुआ है। इसके लिए तत्कालीन कलेक्टर व प्रशासक गोपालचंद्र डाड ने ही प्रस्ताव पत्र पर मंजूरी के हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद भी बगैर मंजूरी के शहर में पाइप लाइन को काम के दौरान तोड़ दिया गया। 48 घंटे बाद भी निगम के अधिकारी संबंधीत के खिलाफ एफआईआर नहीं करवा पाए है। इतना ही नहीं, यहां पर 50 से ज्यादा पेड़ काट दिए गए। इसके बाद भी निगम का इंजीनियरिंग विभाग कार्रवाई के मामले में पीछे हट रहा है।

शास्त्री नगर में घरेलू पेयजल पाइप लाइन को नुकसान हुआ था, जिसको संबंधीत कंपनी जोड़ रही है। जहां तक पेड़ कटने का मामला है, इसका स्थल निरीक्षण करके ही कार्रवाई होगी। - **जीके जायसवाल**, सिटी इंजीनियर

पत्रिका

29-5-21

# गरीब परिवारों को जरूर मिले खाद्यान्न, कलेक्टर ने एसडीएम को दिए निर्देश

रतलाम। कलेक्टर ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए पात्र परिवारों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाए। कोविड-19 कारण लॉकडाउन की अवधि में गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पात्रता पर्ची विहीन एवं छूटे हुए गरीब परिवारों को खाद्यान्न वितरण के निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए हैं। इसके परिपालन में जिले में 651 अस्थाई पात्रता पर्ची जारी हुई है। जारी अस्थाई पात्रता पर्ची राशन मित्र पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है जिसका प्रिंट निकालकर स्थानीय निकाय के माध्यम से हितग्राही को उपलब्ध कराया जाएगा। पात्रता पर्ची जारी करने की सूचना हितग्राही के मोबाइल नंबर एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। पात्रता पर्ची की वैधता तीन माह अर्थात जुलाई 2021 तक होगी। इस अवधि में हितग्राही द्वारा पात्रता संबंधी दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय निकाय को उपलब्ध कराने पर नियमित पात्रता पर्ची जारी की जा सकेगी। अस्थाई पात्रता पर्चीधारी परिवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत माह मई, जून, जुलाई 21 तथा पीएमजीकेएवाय योजना अंतर्गत मई एवं जून माह के लिए निशुल्क 5 किलो खाद्यान्न प्रति सदस्य वितरित किया जाएगा। एनएफएसए का मई व जून माह का माह मई में तथा पीएमजीकेवाय का माह मई, जून का 5 किलो खाद्यान्न प्रति सदस्य का निःशुल्क वितरण कराया जाए।

इन्दौर समाचार

27-5-21

# रतलाम में 65 दिन बाद राहत, कोरोना से एक भी मौत नहीं

## 38 नए मरीज भी मिले

भास्कर संवाददाता | रतलाम

27-5-21

जिले में कोरोना संक्रमण अब लगातार कम हो रहा है। मौत के आंकड़ों ने चिंता बढ़ा दी थी, लेकिन शुक्रवार का दिन राहतभरा रहा। जिले में एक भी मौत नहीं हुई। ऐसा 65 दिन बाद हुआ। इससे पहले 25 मार्च को मौत का आंकड़ा 0 रहा था।

कोरोना को लेकर जिले में अब हालात सुधर रहे हैं। हालांकि मौत के आंकड़े चिंताजनक ही बने हुए थे। मई में 108 लोग अब तक अपनी जान गंवा चुके हैं जो किसी एक महीने में सर्वाधिक है। इससे पहले मई में 102 लोगों की मौत हुई थी। मई में ही रोज 5 से 6 मौत के मामले सामने आ रहे थे। पिछले पांच दिन से 1 या 2 मौत के मामले ही सामने आ रहे थे लेकिन शुक्रवार को मौत का आंकड़ा 0 ही रहा।

### 7 साल के बच्चे से लेकर 75 साल के बुजुर्ग भी संक्रमित

इधर शुक्रवार को जिले में 38 नए पॉजिटिव सामने आए। लगातार तीसरे दिन 50 से कम संक्रमित मिले। नए संक्रमितों में 7 साल के बच्चे से लेकर 75 साल के बुजुर्ग भी शामिल हैं। इधर जिले में कुल संक्रमित की संख्या 17225 हो गई है।

## खुदाई और बैरिकेड्स ने रोकी शव वाहन की राह



रतलाम | कोरोना कर्फ्यू के बीच शहर में जगह-जगह सीवरेज लाइन की खुदाई के बाद मरम्मत कर दी गई है। वहीं लोगों को रोकने के लिए पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेड्स लगा दिए हैं। इससे परेशानी खड़ी हो गई है। यही नहीं शव वाहन को निकलने में भी दिक्कत आ रही है। इससे घूमकर जाना पड़ रहा है। चापेला जीव दया समिति के दिनेश चापेला ने बताया समिति भी शव वाहन का संचालन करती है लेकिन शहर में जगह-जगह रास्ते बंद कर दिए हैं। इससे शव वाहन को निकलने में परेशानी आ रही है। डालूमोदी बाजार, नाहरपुरा, लोहार रोड, गोशाला रोड, बाजना बस स्टैंड, सायर चबूतरा सहित प्रमुख रास्तों को बंद कर रखा है। जहां रास्ते बंद नहीं है वहां सीवरेज की खुदाई के बाद मरम्मत चल रही है। गलियों से वाहन निकल नहीं सकता है। इससे परेशानी आ रही है। चूंकि अभी लॉकडाउन चल रहा है। इससे आगे भी परेशानी बनी रहना तय है।

दै. भास्कर
27-5-21

# 60 हजार घरों में 236 मरीजों में मिले कोरोना के लक्षण, इलाज शुरू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

23-5-21

दो दिन तक डोर टू डोर चले गहन सर्वे में 236 मरीज कोरोना के प्रारंभिक लक्षण वाले मिले हैं। सर्वे दल ने इन्हें दवाइयों की किट देकर इलाज शुरू कर दिया है। इनके नाम, पते सहित अन्य डाटा भी ले लिया है। शुक्रवार को 287 टीम ने लगभग 28 हजार घरों पर दस्तक दी। इनमें 103 सर्दी खांसी और बुखार से ग्रस्त व्यक्ति सामने आए। वहीं पहले दिन यानी गुरुवार को टीमों ने 31 हजार घर में सर्वे किया था, जिसमें 133 लक्षण वाले लोग मिले थे। शुक्रवार को सर्वे खत्म होने के बाद पूरी रिपोर्ट बना ली है। अब स्वास्थ्य विभाग

**भास्कर खास** • नई पेंशन योजना में सभी शिक्षक और 1 जनवरी 2005 के बाद सेवा में आए सभी कर्मचारी शामिल

# चार लाख कर्मचारियों के सीपीएफ में 4 फीसदी राशि ज्यादा जमा होगी, हर महीने 1200 से 4800 रुपए तक का फायदा

### हर साल 576 करोड़ रुपए ज्यादा जमा करने होंगे पेंशन फंड में

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

राज्य सरकार ने शुक्रवार को नई पेंशन योजना के पात्रताधारी 4 लाख कर्मचारियों के पेंशन अंश (सीपीएफ) में 4 फीसदी राशि बढ़ा दी है। इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। यानी अभी तक कर्मचारी के वेतन से हर महीने 10 फीसदी राशि और इतनी ही राशि राज्य सरकार मिलाती थी। इस तरह 20 फीसदी राशि हर महीने कर्मचारी के सीपीएफ अकाउंट में जमा होते थे। 1 अप्रैल 2021 से कर्मचारी के वेतन से हर महीने 10 फीसदी राशि ही काटी जाएगी, सरकार 14 फीसदी राशि जमा करेगी। इस तरह कर्मचारी के पेंशन फंड में हर महीने 24 फीसदी राशि जमा होगी। सरकार द्वारा 4 फीसदी अंश बढ़ाए जाने से हर साल 576 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। इस योजना में शिक्षक संवर्ग के समस्त शिक्षक और 1 जनवरी 2005 के बाद सेवा में आए सभी कर्मचारी शामिल होंगे। इससे कर्मचारियों को जहां न्यूनतम हर महीने 1200 रुपए तो अधिकारियों को 4800 रुपए तक का फायदा होगा। केंद्र सरकार राष्ट्रीय पेंशन योजना में आने वाले कर्मचारियों के पेंशन फंड में जुलाई 2019 से 4 फीसदी ज्यादा अंश जमा कर रही थी। प्रदेश में अखिल भारतीय सेवा के अफसरों को इसका फायदा पहले से मिल रहा है।

**मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना के आदेश जारी**

### पद रिक्त होने का नहीं करना होगा इंतजार, तत्काल मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत नौकरी में रहते जिन कर्मचारियों की कोरोना से मृत्यु हुई है, उनके परिवार से एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी। 1 मार्च से 30 जून 2021 तक मृत कर्मचारियों के आश्रित अनुकंपा नियुक्ति के पात्र होंगे। योजना के दायरे में शासन के नियमित कर्मचारी, स्थाई कर्मी, कार्यभारित एवं आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर दर पर कार्यरत सेवक जिनका वेतन, मानदेय का भुगतान राज्य सरकार करती है।

### राष्ट्रीय पेंशन योजना में ऐसे होगा फायदा

1 जनवरी 2005 के बाद सेवा में आए कर्मचारी हर महीने सीपीएफ में ज्यादा जमा होने वाली राशि

| संवर्ग | संख्या | हर महीने ज्यादा जमा होंगे सीपीएफ में |
|---|---|---|
| शिक्षक | 2,25000 | 1200 से 2000 रुपए तक |
| अफसर | 10,000 | 2400 से 4800 रुपए तक |
| कर्मचारी | 1.75 लाख | 1400 से 2800 रुपए तक |

### वेतनवृद्धि-महंगाई भत्ता देने की भी तैयारी

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और वार्षिक वेतन वृद्धि पर 18 महीने से लगी रोक 1 जुलाई से हट रही है। इसके बाद प्रदेश के कर्मचारियों को बकाया 5 फीसदी डीए मिलने के आसार है। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। वहीं 1 जुलाई 2021 को कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ देने की भी तैयारी की जा रही है।

# मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा योजना लागू

## 1 मार्च से 30 जून 2021 तक लागू रहेगी योजाना

**भोपाल ● 28 मई (ब्यूरो)**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा अनुसार राज्य शासन ने उसके नियोजन में कार्यरत समस्त नियमित/स्थाईकर्मी/कार्यभारित एवं आकस्मिकता से वेतन पाने वाले/दैनिक वेतनभोगी/तदर्थ/ संविदा/कलेक्टर दर/आउटसोर्स/मानदेय के रूप में कार्यरत शासकीय सेवक/सेवायुक्तों के लिये मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना लागू कर दी है।

सेवायुक्तों की कोविड संक्रमण से मृत्यु होने पर उनके परिवार के पात्र एक सदस्य को योजना में विहित प्रावधान के अनुसार उसी प्रकार के नियोजन में अनुकम्पा नियुक्ति दी जायेगी, जिसमें मृत सेवक नियोजित था। योजना एक मार्च 2021 से लागू होगी और 30 जून 2021 तक लागू रहेगी। अगर सेवायुक्त योजनावधि में कोविड-19 पॉजिटिव था, लेकिन उसकी मृत्यु योजनावधि समाप्त होने के पश्चात परंतु कोविड-19 पॉजिटिव होने के साठ दिन के भीतर हो जाती है तब भी (शेष अंतिम पृष्ठ पर)

■ पात्र कर्मी-राज्य के समस्त नियमित/स्थाईकर्मी/कार्यभारित एवं आकस्मिकता से वेतन पाने वाले/दैनिक वेतन भोगी/ तदर्थ/ संविदा/ कलेक्टर दर पर कार्यरत सेवक, जिनका वेतन/ मानदेय/ पारिश्रमिक का भुगतान राज्य की संचित निधि से विकलनीय हो। विभागों द्वारा सक्षम स्वीकृति एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत ली गई आउटसोर्स सेवाओं पर कार्यरत सेवायुक्त, जिनका पारिश्रमिक/मानदेय आदि का भुगतान राज्य की संचित निधि से विकलनीय हो। विधि द्वारा स्थापित आयोग, ऐसी संस्थाएँ, जिनका शत-प्रतिशत स्थापना व्यय राज्य के नियमित स्थापना मद से विकलनीय होता है अथवा इसके लिये स्थापना अनुदान दिया जाता है, उनमें कार्यरत सेवायुक्त पात्र होंगे।

# राष्ट्रीय पेंशन योजना में शासकीय अंशदान अब 14 प्रतिशत

रतलाम। राष्ट्रीय पेंशन योजना में कर्मचारियों का मासिक अंशदान, वेतन और मंहगाई भत्ते का 10 प्रतिशत तथा राज्य शासन का मासिक अंशदान मंहगाई भत्ते और वेतन का 14 प्रतिशत हो गया है। यह प्रावधान एक अप्रैल 2021 से लागू किया गया है।

# कलेक्टर ने बाल चिकित्सालय में कोविड केयर व्यवस्था का निरीक्षण किया



रतलाम। कोरोना संक्रमण के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शुक्रवार सुबह बाल चिकित्सालय पहुंचे। कलेक्टर ने यहां कोविड-केयर संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा डॉक्टर मौजूद थे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कोरोना से बच्चों के प्रभावित होने की स्थिति में उपचार की व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड की व्यवस्था, बेड व्यवस्था, मेडिसिन, चिकित्सक तथा स्टाफ की उपलब्धता का जायजा लिया।



नव भारत 27 5 21



## कलेक्टर ने बाल चिकित्सालय में कोविड-केयर व्यवस्था का निरीक्षण किया

रतलाम / कोरोना संक्रमण के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शुक्रवार सुबह बाल चिकित्सालय पहुंचे। कलेक्टर ने यहां कोविड-केयर संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा डॉक्टर मौजूद थे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कोरोना से बच्चों के प्रभावित होने की स्थिति में उपचार की व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड की व्यवस्था, बेड व्यवस्था, मेडिसिन, चिकित्सक तथा स्टाफ की उपलब्धता का जायजा लिया।

इन्दौर समाचार
27 5 21

## कलेक्टर ने बाल चिकित्सालय में भी परखी व्यवस्था



दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

27 5 21

कोरोना संक्रमण के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शुक्रवार सुबह बाल चिकित्सालय पहुंचे। कलेक्टर ने यहां कोविड-केयर संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसपी गौरव तिवारी, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया व डॉक्टर मौजूद थे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कोरोना से बच्चों के प्रभावित होने की स्थिति में उपचार की व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड की व्यवस्था, बेड व्यवस्था, मेडिसीन, चिकित्सक तथा स्टाफ की उपलब्धता का जायजा लिया।

दबंग दुनिया
27 5 21

# अनलाक के लिए आज होगी जिला क्राइसिस कमेटी की बैठक


## छूट का दायरा तय होगा, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा रतलाम आएंगे, अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** नौ अप्रैल से जिले में कोरोना कर्फ्यू लागू होने के बाद से दवा, किराना को छोड़कर शेष सभी दुकानें, बाजार बंद है। संक्रमण दर कम होने के साथ ही अब एक जून से अनलाक की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 31 मई को प्रदेश स्तर पर अनलाक के स्वरूप की घोषणा करेंगे, इससे पहले जिला स्तर पर क्राइसिस कमेटी से भी प्रस्ताव लिए जाएंगे। इसी के चलते शनिवार शाम चार बजे जिला क्राइसिस कमेटी की बैठक वित्त मंत्री व जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में होगी। बैठक में जिले के सांसद, विधायक सहित प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे।

मालूम हो कि जिले में अब कोरोना के नए मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है। अभी साप्ताहिक संक्रमण दर 00 प्रतिशत है। 31 मई तक इसमें और कमी आने की संभावना है। अभी धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक आयोजनों सहित माल, सिनेमाघर बंद रखने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। निर्माण कार्य, बाजार, कृषि दुकानें, रेस्टोरेंट, सराफा, होटल आदि के लिए पाबंदियों में ढील दी जा सकती है।

### राहत पैकेज के लिए कल होगी बस संचालकों की बैठक

कोरोना कर्फ्यू में बसों का संचालन भी प्रभावित हुआ है। राज्य शासन ने बसें बंद करने के लिए कोई आदेश जारी नहीं किया है, लेकिन यात्रियों की संख्या कम होने व संक्रमण अधिक होने के चलते 10 प्रतिशत बसें ही चल रही है। एआइसीटीएल की चार्टड बसों का संचालन चालू है। दो माह में शादियों का सीजन निकलने व बसें बंद होने से हुए नुकसान को लेकर संचालक राहत की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर इंदौर व उज्जैन संभाग के बस संचालकों की बैठक घाटाबिल्लौद में 30 मई को होगी। जिला बस आनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह गुर्जर ने बताया कि शासन ने 25 प्रतिशत किराया वृद्धि की है, लेकिन डीजल के दाम भी बढ़ गए है। सालभर से नुकसान हो रहा है। सरकार को राहत पैकेज देना चाहिए।



"कोरोना काल में सभी प्रकार की आर्थिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे सराफा बाजार भी अछूता नहीं है। शादी-ब्याह का सीजन निकल चुका है। अनलाक में कोरोना गाइड-लाइन का सख्ती से पालन कराते हुए नियत समय के लिए व्यापारिक गतिविधियां शुरू करना चाहिए। लगातार आर्थिक गतिविधियां ठप रहने से कई परिवारों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट निर्मित हो गया है।

**- ऋषभ संघवी, सराफा व्यवसायी**

## व्यापारी बोले, गाइडलाइन का पालन कराएंगे

- कोरोना से एक साल से व्यापार प्रभावित है। कूलर, एसी की बिक्री तो नाम मात्र की हुई है। प्रशासन को बाजार खोलने का समय व्यवहारिक रखना होगा। व्यापारी भी गाइड-लाइन का पालन कराएंगे।

**-प्रकाश लोढ़ा, इलेक्ट्रिक व्यापारी**

- शादी के सीजन में दो माह दुकान बंद रही। पिछले साल भी यही हालात थे। बंद दुकान में भी माल खराब होने की आशंका है। सैनिटाइजेशन, मास्क की व्यवस्था के साथ बाजार खोलने की व्यवस्था करना चाहिए।

**-अलोक नागौरी, कपड़ा व्यापारी**

- कोरोना से बचाव के साथ आर्थिक गतिविधियां भी जरूरी है। लंबे समय तक लाकडाउन रहने से शहर की विभिन्न दुकानों व अन्य स्थानों पर काम करने वाले कई परिवारों की आर्थिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हो गई है। अनलाक में कपड़ा व्यवसायियों को कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए दुकानें खोलने की छूट देना चाहिए। उल्लंघन करने वालों पर सख्ती दिखाते हुए जुर्माने वसूलना चाहिए। अनलाक के शुरुआती दौर में दुकानें खोलने का समय निर्धारित करना चाहिए। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने पर नियमों में बदलाव करना चाहिए।

**- राहुल पावेचा, कपड़ा व्यवसायी**



ईश्वर खदेड़ा

"कोरोना की रोकथाम के लिए लागू लाकडाउन में ढील मिलने के बाद भी सावधानी बरतना जरूरी है। घर से बाहर निकलने से पहले मास्क जरूर पहने व दो गज की दूरी का पालन करें। हाथों को बार-बार साबुन से धोते रहें। **- ईश्वर खदेड़ा, होटल संचालक, ग्राम सिमलावदा**

"वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण को रोकना है तो मेरा मास्क ही मेरा सुरक्षा का कवच है, इस बात को हमेशा ध्यान रखना है। टीका अवश्य लगवाना है। **- कमलेश उमरवाल, सामाजिक कार्यकर्ता, आलोट**



कोरोना के कारण कई लोगों का अल्पायु में निधन हो गया है। कई परिवार उजड़ गए हैं। कई लोग सावधानी बरतने के बाद भी संक्रमित हो गए हैं, इसलिए हमें और ज्यादा सुरक्षित तरीके से रहना चाहिए। **- आयुष पाटीदार, आम्बा**



मास्क हमको सुरक्षित रखने का काम कर रहा है। हालांकि अब अधिकांश लोग मास्क लगाने लगे है। आज के समय में कोरोना से बचाव के लिए यही एक मात्र साधन है। नंबर आने पर टीका लगवाना भी जरूरी है। **- नीलेश चौधरी, सरसाना**



जब तक इस आपदा से छुटकारा नहीं मिल जाता, तब तक सभी अपने परिवार के सदस्यों व आसपास के लोगों को मास्क पहनने के लिए प्रेरित करें। सभी परिचित-अपरिचितों को भी प्रेरणा देने के लिए प्रोत्साहित करें। **-बलवंतसिंह डोडिया, गुडरखेड़ा**



मास्क लगाकर शारीरिक दूरी का पालन करना होगा। जरूरी हो तो ही घर से बाहर निकले। साथ ही अपना नंबर आते ही सारे काम छोड़ कर टीका जरूर लगवाना है। स्वस्थ रहें-घर पर रहें। **- राजेंद्र देसरला, कपड़ा व्यवसायी, आलोट**



शासन द्वारा जारी कोरोना की गाइड-लाइन का पालन नहीं करने के कारण संक्रमण तेजी से फैल रहा है। अब जागरूकता आ गई है। नंबर आने पर सबसे पहले टीके लगाना चाहिए। **-ओमप्रकाश भैसोटा, नमकीन व्यवसायी आलोट**"



नई दुनिया 27 5-21।

### महेश नगर क्षेत्र में पेयजल संकट का मामला

# टंकी पर पहुंचे रहवासी, आंदोलन की चेतावनी दी



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** कोरोना लॉकडाउन से लड़ रहे शहर के लोगों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। शहर के इंद्रलोक नगर व महेश नगर में पेयजल संकट का सामना कर रहे रहवासी शुक्रवार को एकत्रित होकर पेयजल टंकी पहुंच गए व आंदोलन करने की चेतावनी दी।

वार्ड क्रमांक 5 में इंद्रलोक नगर महेश नगर क्षेत्र रहवासियों के अनुसार गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। नई टंकी के होने के बावजूद क्षेत्र में उससे पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। क्षेत्रीय नागरिकों में दिन-प्रतिदिन आक्रोश बढ़ रहा है। कांग्रेस के नेता छोटू चावड़ा के नेतृत्व में क्षेत्रीय नागरिकों ने टंकी पर प्रदर्शन कर प्रभारी जल प्रदाय नीरज यादव को समस्या बताई। शीघ्र समस्या हल ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर विनय पाल, प्रमोद मौर्य, अजय शर्मा, अंकित सिंह, रामचंद्र सहित क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## समस्या हल नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

रतलाम। शहर के वार्ड क्रमांक-पांच के इंद्रलोक नगर, महेश नगर क्षेत्र गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। नई टंकी के होने के बावजूद क्षेत्र में जलप्रदाय नहीं हो पा रहा है क्षेत्रीय नागरिकों में दिन-प्रतिदिन आक्रोश बढ़ रहा है। कांग्रेस के युवा नेता छोटू चावड़ा के नेतृत्व में क्षेत्रीय नागरिकों ने टंकी पर प्रदर्शन कर प्रभारी जलप्रदाय नीरज यादव को समस्या बताई। शीघ्र समस्या हल नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर विनय पाल, प्रमोद मौर्य, अजय शर्मा, अंकितसिंह, रामचंद्र सहित क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## इंद्रलोक नगर व महेश नगर क्षेत्र में जल संकट

रतलाम। वार्ड क्रमांक 5 इंद्रलोक नगर, महेश नगर क्षेत्र गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। नई टंकी के होने के बावजूद क्षेत्र में सप्लाई नहीं हो पा रही। क्षेत्रीय नागरिकों में दिन-प्रतिदिन आक्रोश बढ़ रहा है। कांग्रेस युवा नेता छोटू चावड़ा के नेतृत्व में क्षेत्रीय नागरिकों ने टंकी पर प्रदर्शन कर प्रभारी जल प्रदाय नीरज यादव को समस्या बताई। शीघ्र समस्या हल ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस अवसर पर विनय पाल, प्रमोद मौर्य, अजय शर्मा, अंकित सिंह, रामचंद सहित क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## वार्ड न. 5 में पेयजल संकट को लेकर नागरिकों में आक्रोश

रतलाम ● वार्ड क्रमांक 5 इंद्रलोक नगर महेश नगर क्षेत्र गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। नई टंकी के होने के बावजूद क्षेत्र में सप्लाई नहीं हो पा रही। क्षेत्रीय नागरिकों में दिन-प्रतिदिन आक्रोश बढ़ रहा है। कांग्रेस युवा नेता छोटू चावड़ा के नेतृत्व में क्षेत्रीय नागरिकों ने टंकी पर प्रदर्शन कर प्रभारी जल प्रदाय नीरज यादव को समस्या बताई। शीघ्र समस्या हल ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस अवसर पर विनय पाल ,प्रमोद मौर्य, अजय शर्मा ,अंकित सिंह ,रामचंद सहित क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

**तीसरी लहर की तैयारी** • शुक्र है... अब तक कोई भी बच्चा गंभीर रूप से पीड़ित नहीं मिला, अभी बेड सहित कुछ अन्य इंतजाम होना बाकी

# 16 दिन में 70 बच्चे पॉजिटिव, बाल चिकित्सालय में 40 बेड का कोविड सेंटर जल्द, मेडिकल में 10 बेड आईसीयू रखेंगे, ओपीडी एमसीएच में रहेगी

## नॉन-कोविड बच्चों के लिए एमसीएच में 3 वार्ड

भास्कर संवाददाता | रतलाम

27-5-21

कोरोना की दूसरी लहर ने संकेत दे दिया है कि बच्चों पर कोरोना का खतरा बना हुआ है। दूसरी लहर में बड़ी संख्या में बच्चे सामने आए है अभी की बात करें तो सिर्फ 16 दिन में ही 70 बच्चे संक्रमित हो चुके हैं। इधर, अभी कोविड थमने के आसार नहीं हैं, ऐसे में प्रशासन भी बच्चों को लेकर सतर्क हो गया है। बाल चिकित्सालय में बच्चों के लिए 40 बेड का कोविड केयर सेंटर शुरू करने की तैयारी है, तो वहीं मेडिकल कॉलेज में भी 10 बेड का आईसीयू तैयार हो रहा है।

जिले में 1 साल से लेकर 13 साल तक के बच्चों के संक्रमित होने के मामले रोज सामने आ रहे हैं। ऐसा दूसरी लहर में देखने को मिला है, जबकि पहली लहर में दो से तीन दिन में इक्का-दुक्का बच्चे पॉजिटिव हो रहे थे। इधर अब आगामी दिनों में बच्चों पर खतरा लगातार बना हुआ है क्योंकि अब तक इनके लिए वैक्सीन नहीं आई है। शहर में बच्चों के लिए कोविड केयर सेंटर शुरू करने की तैयारी की जा रही है। बाल चिकित्सालय में इसके लिए 40 बेड का सेंटर बनाया जाएगा। हालांकि अभी व्यवस्था और इंतजाम हो रहे हैं। शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी बाल चिकित्सालय पहुंचे व बच्चों के लिए तैयार हो रही यूनिट का जायजा लिया। उन्होंने वार्ड की व्यवस्था, बेड की व्यवस्था, मेडिसीन, डॉक्टर के बारे में पूछताछ की है। डॉ. आरसी डामोर, डॉ. योगेश नीखरा सहित अन्य डॉक्टरों ने इसकी जानकारी दी।



शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम बाल चिकित्सालय पहुंचे।

**एमसीएच में भी 30 बेड रहेंगे-** इधर, बाल चिकित्सालय में बच्चों का कोविड केयर सेंटर शुरू होने के साथ ही सामान्य बीमारी के लिए आने वाले बच्चों का अलग प्रबंध रहेगा। उनके लिए ओपीडी एमसीएच में रहेगी। जरूरत होने पर एमसीएच में ही भर्ती भी किया जाएगा। एमसीएच में तीन वार्ड रहेंगे, इनमें 30 बेड का इंतजाम हो सकेगा। हालांकि बेड का इंतजाम हो रहा है।

### 16 दिन में संक्रमित बच्चे

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 मई | 10 | 20 मई | 1 |
| 12 मई | 4 | 21 मई | 2 |
| 13 मई | 4 | 22 मई | 4 |
| 14 मई | 5 | 23 मई | 3 |
| 15 मई | 7 | 24 मई | 2 |
| 16 मई | 9 | 25 मई | 4 |
| 17 मई | 4 | 26 मई | 3 |
| 19 मई | 4 | 27 मई | 1 |

**तैयारियां -** *इस बार बच्चे ज्यादा संक्रमित हुए हैं लेकिन गंभीर लक्षण सामने नहीं आए हैं।*

**- डॉ. आरसी डामोर,** प्रभारी, बाल चिकित्सालय

27 5 21

### शिकायत करने पहुंचे युवक से पुलिस ने कहा जिसका पेड़ वो करे शिकायत

# महलवाड़ा में 80 साल से ज्यादा पुराना बरगद का पेड़ काटा

## स्थानीय लोगों का रुख भी बेहद निराशाजनक, सोशल मीडिया पर फैली खबर तो लोगों में बढ़ा आक्रोश

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

29-5-21

कोरोना में लोग ऑक्सीजन की कमी से बहुत परेशान हुए और कुछ की जीवनी भी समाप्त हो गई। बावजूद इसके कुछ स्वार्थी लोग पर्यावरण और ऑक्सीजन की एहमियत को नहीं समझ रहे हैं। महलवाड़ा के अंदर जैन कॉलोनी में हरा-भरा, दशकों पुराना बरगद का पेड़ काट दिया गया। रहवासियों के अनुसार पेड़ संभवतः रात को काटा गया जिसके कारण उन्हें जानकारी नहीं हुई। जब इसकी शिकायत करने जागरूक व्यक्ति थाने पहुंचा तो फरियादी को ही फटकार लगा दी गई और आवेदन भी नहीं लिया गया। नगर निगम ने तो आवेदन लिया लेकिन जांच करवाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

जानकारी के अनुसार महलवाड़ा जैन कॉलोनी में 3 बरगद के पेड़ करीब 80-90 सालों से हैं। इन्हीं में से एक पेड़ गुरुवार-शुक्रवार रात को पूरी तरह से काट दिया गया। रात में ही कुछ लकड़ी भी गायब हो गई। बची हुई लकड़ी शुक्रवार दोपहर में वाहनों से ले जाई गई। घटना का खुलासा तब हुआ कुछ पर्यावरण प्रेमियों ने इसका फोटो लेकर साझा किया।



## पुलिस का तर्क आप पेड़ के मालिक नहीं, इसलिए नहीं कर सकते शिकायत

पेड़ काटने से व्यथित होकर लंबी गली निवासी दीपक सिंह गोयल मीडिया कर्मियों के साथ दोबत्ती थाने पहुंचे तो मौजूद पुलिस अधिकारी ने उन्हें ही फटकार लगा दी। एसआई ने उससे कहा कि वह न तो पेड़ का मालिक है न उस जमीन का, जहां पेड़ लगा हुआ था, ऐसे में वह शिकायत क्यों कर रहा है। जब मीडियाकर्मियों ने तर्क किया तो उन्होंने कहा कि उसी क्षेत्र का व्यक्ति शिकायत क्यों नहीं कर रहा। इसके बाद यह तक कहा दिया कि फरियादी को रात में पेड़ काटने वाले और लकड़ी ले जाने वालों की जानकारी कैसे नहीं लगी। जब फरियादी दीपक ने बताया कि उसका घर थोड़ी दूर है और दोपहर में उसकी जानकारी में पेड़ काटने की बात आई तो भी पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह नगर निगम या राजस्व का अधिकार क्षेत्र है। नगर निगम पेड़ काटने की शिकायत करेगा तो ही पुलिस कार्रवाई करेगी।

### नगर निगम करवा रहा है एफआईआर


नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि सूचना मिलने पर शुक्रवार दोपहर को उन्होंने पंचनामा बनवाकर रिपोर्ट तैयार करवाई है। किसी को भी बरगद का वह पेड़ काटने की अनुमति नहीं दी गई थी और पेड़ काटने के लिए दिए गया कोई भी तर्क अनुचित है। फिलहाल पड़ोसियों से इसकी जानकारी नहीं मिली है कि पेड़ किसके द्वारा कटवाया गया। इसलिए नगर निगम द्वारा वृक्ष अधिनियम के तहत दोबत्ती थाने पर एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है।

### लकड़ी कहां गई उसे लेकर भी संशय

पेड़ को काटने के बाद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लकड़ी अगले दिन ले जाई गई। कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ लकड़ी मुक्तिधाम पर भी भेजी गई थी, हालांकि इसे लेकर भी किसी के पास कोई ठोस जानकारी नहीं है। मामले में जीवमैत्री परिवार के सदस्य प्रकाश लोढ़ा, अधिवक्ता अदिति दवेसर, रिंकु पाटीदार, गौरव सिंह, किरण राजावत आदि कई लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों को और हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करवाई। सीएम हेल्पलाइन पर भी लोगों ने बरगद का पेड़ काटने के खिलाफ कड़ी आपत्ति जताते हुए शिकायत दर्ज की है।

दबंग दुनिया
29-5-21

# बाल चिकित्सालय में कोविड सेंटर की तैयारी



बाल चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ◉ नईदुनिया

रतलाम। कोरोना संक्रमण में बच्चों व किशोरों की संख्या बढ़ने पर बेहतर उपचार को लेकर बाल चिकित्सालय में भी तैयारी की जा ही है।

शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बाल चिकित्सालय में कोविड-केयर संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी गौरव तिवारी, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा डाक्टर मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोरोना से बच्चों के प्रभावित होने की स्थिति में उपचार की व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड की व्यवस्था, बेड व्यवस्था, मेडिसिन, चिकित्सक तथा स्टाफ की उपलब्धता का जायजा लिया।

# 60 दिन बाद राहत, संक्रमण दर तीन फीसद हुई

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना के नए मरीज की संख्या कम होने के साथ अब मौत भी कम होने लगी है। स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को पिछले 60 दिन बाद पहला मौका रहा जब एक भी मौत नहीं हुई जबकि 38 नए मरीज मिले, 226 स्वस्थ हुए। गत दो दिनों से संक्रमण दर भी घटकर तीन प्रतिशत हो गई है।

जिले में आठ मई को सर्वाधिक 398 पाजिटिव मिलने के बाद संक्रमण दर 26 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। बुधवार को 38 नए मरीज मिलने के साथ ही कुल मरीजों की संख्या 17225 हो गई है। अब तक 15784 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं जबकि 302 की मौत हो गई। मई के 28 दिनों में ही 108 मौत हुई है। अभी एक्टिव मरीजों की संख्या 1137 है। रिकवरी रेट 91.63 प्रतिशत है।

## ब्लैक फंगस का एक और संदिग्ध मरीज मिला



मेडिकल कालेज के फीवर क्लीनिक में शुक्रवार से शुरु की गई फंगस ओपीडी में दो मरीज आए, जिनकी डाक्टरों की टीम ने जांच की। एक मरीज को ब्लैक फंगस का संदिग्ध मानकर कोविड केयर सेंटर के ब्लैक फंगस वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। जिले के ग्राम रिंगनिया के 75 वर्षीय बुजुर्ग को एक सप्ताह से बुखार आ रहा है और दोनों आंखों में धुंधला दिखने के साथ पलक गिरी हुई है। संदिग्ध मानते हुए कोविड टेस्ट कराकर प्रारम्भिक उपचार शुरु कर दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कोविड की पुष्टि होगी। दूसरे मरीज में फंगस के कोई लक्षण नहीं होने से डाक्टरी सलाह देकर वापस भेज दिया गया है।

डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि ओपीडी में मरीज को ब्लैक फंगस के एक भी लक्षण मिले तो उपचार दिया जाएगा। हमारे पास इंजेक्शन और अन्य दवाइयां उपलब्ध हो गई है। ब्लैक फंगस की रोकथाम के लिए वार्ड और डाक्टरों की टीम तैयार है। ओपीडी चालू करने का उद्देश्य यही है कि फंगस की विशेष जांच हो सके। पहला संदिग्ध मरीज भर्ती किया है, जिस पर नजर रखी जा रही है।

**कोरोना**

- **शुक्रवार को 38 नए मरीज मिले**
- **कुल मरीजों की संख्या 17225 अब तक 15784 मरीज स्वस्थ**

कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 50 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 71 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180

### दस दिनों में संक्रमण दर

| तारीख | सैंपल | मरीज | संक्रमण दर |
|---|---|---|---|
| 19 मई | 1565 | 162 | 10.36 |

# दल ने दी घर-घर दस्तक, स्केनिंग के साथ ली स्वास्थ्य की जानकारी



रतलाम। शहर में कोरोना मरीजों के सर्वेक्षण तथा शत प्रतिशत संक्रमण मुक्त करने के लिए के कलेक्टर के निर्देश पर अभियान चलाया गया। सर्वे के लिए दल का गठन किया गया हैं। दल ने घर-घर पहुंचकर स्केनिंग सहित जांच कर महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की।

महिला एवं बाल विकास कार्यालय अधिकारी विनिता लोढा के निर्देश पर सुपरवाईजर ममता तिवारी के मार्गदर्शन पर वार्ड नं. 25 में किल कोरोना अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को घर-घर जाकर सर्वे किया गया।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षा विभाग की टीम ने वार्डवासियों के बुखार को नापा एवं परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान सुपरवाईजर ममता तिवारी ने सभी को कोरोना से बचाव के तरीकों को बताते हुए जरूरी जानकारी से अवगत कराया।

साथ ही नागरिकों से कोरोना बचाव के लिए जारी सभी निर्देशों का पालन कर अपने व अपने परिवार को कोरोना से बचाए रखने की अपील भी की। इस अवसर पर तृप्ती शर्मा, रुखसाना, राजेश शर्मा, रेनु वर्मा, रेखा, संतोष भाट, विद्या जोशी, सीमा देवड़ा, गायत्री सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।



मध्य भारत 29-5-21

# 'किल कोरोना-4' अभियान के तहत 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन

रतलाम। शासन निर्देशानुसार कोविड-19 के परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए 'किल कोरोना-4' अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है जिसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है।

कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा किल कोरोना 4 के तहत सघन सर्वे हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास, नगर निगम, राजस्व व शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के दलो का गठन किया गया है जो बुखार तथा बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे की बुखार के साथ सर्दी-खाँसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम होने वाले मरीजों का घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। 'किल कोरोना-4' अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 हेतु टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 हेतु जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 हेतु दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 हेतु मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 हेतु हाकिम वाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 हेतु सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 हेतु रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है। उक्त केन्द्रो पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु नईम मोहम्मद खान, प्रभारी ए.पी.एम. मो.नं. 9685330094 व लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. मो. नं. 7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कोविड सहायता केन्द्र पर शीघ्रातिशीघ्र सर्दी/खांसी/ के लक्षण वाले रोगियों की प्राथमिक जांच एवं परामर्श दिया जायेगा, गले में खराश/सांस लेने में कठिनाई/बदन दर्द/ सिर दर्द के साथ बुखार आदि लक्षण युक्त रोगियों का लक्षण आधारित उपचार व संभावित कोविड-19 रोगियों का निकटस्थ फीवर क्लीनिकपर रेफरल का कार्य किया जायेगा। किसी भी प्रकार बुखार तथा बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे की बुखार के साथ सर्दी-खाँसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम होने पर नागरिक अपने नजदीकी कोविड सहायता केन्द्र पर संपर्क करें।

इन्दौर समाचार
29-5-21

## मेडिकल कॉलेज में दस बेड का स्पेशल आईसीयू होगा तैयार, बाल चिकित्सालय के साथ जावरा में भी तैयारी

# कोरोना की तीसरी लहर से बच्चों को बचाने तैयारी में दिखाई तेजी, जिले में दो लाख से अधिक बच्चे

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 27-5-21

रतलाम. कोरोना की तीसरी लहर से बच्चों को बचाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही प्रशासनिक अमला और जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। रतलाम मेडिकल कॉलेज में बच्चों के उपचार के लिए दस बेड का विशेष आईसीयू भी तैयार किया जाएगा। इसके संबंध में मेडिकल कॉलेज ने आईसीयू से जुड़े साधन संसाधन और उपकरणों की प्रदेश शासन से मांग की है।




रतलाम जिले में करीब दो लाख से अधिक बच्चे हैं। इनके लिए जिला स्तर पर 100 बेड का बाल चिकित्सालय है। यहां पर 8 बेड पीआईसीयू और 10 बेड आईसीयू में है। एसएनसीयू में 20 बेड उपलब्ध है। शहर में दो निजी अस्पताल भी हैं, जहां पर लगभग 20 बेड की क्षमता है। बच्चों के वेंटिलेटर की व्यवस्था रतलाम में निजी अस्पताल में भी है। चिकित्सकों की बात करें तो बाल चिकित्सालय में 6 चिकित्सकों के अतिरिक्त मेडिकल कॉलेज के लगभग आधा दर्जन चिकित्सक उपलब्ध हैं। निजी अस्पताल के चिकित्सकों को मिलाकर करीब 18 से 20 डॉक्टर जिला मुख्यालय पर मौजूद हैं। विकासखंड स्तर पर जावरा में 1 चिकित्सक है।

बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाल चिकित्सालय में भी बेड बढ़ाए जाने के साथ जावरा में भी बच्चों के वेंटीलेटर सहित अन्य उपकरण बढ़ाकर वहां पर बच्चों का अस्पताल तैयार किया जाएगा। कोरोना की दूसरी लहर में शहर सहित जिले में बिगड़े हालातों से सीख लेते हुए प्रशासन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस बार पहले से तैयारियां तेज कर दी हैं। मेडिकल कॉलेज में बच्चों के इलाज के लिए वेंटीलेटर के साथ ही वार्मर सहित जरूरत से जुड़े अन्य उपकरणों की लिस्ट शासन को भेज दी है और जल्द ही इनकी आपूर्ति करने की बात कही है।



### कलेक्टर पहुंचे बाल चिकित्सालय

वहीं दूसरी ओर कोरोना संक्रमण के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शुक्रवार को बाल चिकित्सालय में व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोरोना से बच्चों के प्रभावित होने की स्थिति में उपचार की व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड की व्यवस्था, बेड व्यवस्था, मेडिसिन, चिकित्सक तथा स्टाफ की उपलब्धता का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा डॉक्टर मौजूद थे।

### जिले के साथ जावरा में भी तैयारी तेज

कोरोना की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए सिविल हॉस्पिटल जावरा में आईसीयू व वेंटिलेटर, बच्चों के वार्ड जैसी सुविधाएं विकसित की जाएगी। इसके माध्यम से जावरा विधानसभा क्षेत्र के अलावा आसपास के दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय ने गुरुवार को अस्पताल का जायजा भी लिया था। सिविल हॉस्पिटल जावरा में लगभग 10 बिस्तर वाले गहन चिकित्सा ईकाई (आईसीयू) को बनाए जाने पर विचार किया गया। इसके अलावा वेंटिलेटर, सिटी स्केन मशीन भी लगाए जाने पर चर्चा चल रही है। हॉस्पिटल में बच्चों के लिए एक अलग वार्ड तैयार किया जाएगा, जिसमें कोरोना व अन्य बीमारियों के बाल मरीजों का उपचार किया जा सकेगा।

पत्रिका
27-5-21



## नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

रतलाम। नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हेण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 25 मई को फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हेण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

## कन्टेनमेंट क्षेत्रों में किया जा

## वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा आज आएंगे, क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में शामिल होंगे

रतलाम। प्रदेश के वित्त, वाणिज्य कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री जगदीश देवड़ा 29 मई शनिवार को प्रातः 10.30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर सायं 4 बजे रतलाम आएंगे। श्री देवड़ा जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष रतलाम में भाग लेने के उपरांत शाम 5.30 बजे रतलाम से मंदसौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

29-5-21

## वित्त मंत्री देवड़ा आज रतलाम में

रतलाम। प्रदेश के वित्त, वाणिज्य कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री जगदीश देवड़ा 29 मई शनिवार को प्रातः 10.30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर सायं 4 बजे रतलाम आएंगे। श्री देवड़ा जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष रतलाम में भाग लेने के उपरांत शाम 5.30 बजे रतलाम से मंदसौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

29-5-21

## आज आएंगे वित्त मंत्री देवड़ा

रतलाम | प्रदेश के वित्त, वाणिज्य कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री जगदीश देवड़ा 29 मई को सुबह 10.30 बजे भोपाल से रवाना होकर शाम 4 बजे रतलाम पहुंचेंगे। कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में शामिल होने के बाद शाम 5.30 बजे मंदसौर रवाना होंगे।

29-5-21

## आज रतलाम आएंगे वित्त मंत्री देवड़ा

रतलाम। प्रदेश के वित्त, वाणिज्य कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी



विभाग मंत्री जगदीश देवड़ा 29 मई को शाम 4 बजे रतलाम आएंगे। वे जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष रतलाम में भाग लेने के उपरांत शाम 5:30 बजे रतलाम से मंदसौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार ने जगदीश देवड़ा को रतलाम जिले की कोरोना संबंधी व्यवस्था संभालने के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। उनके कोरोना संक्रमित होने के बाद कुछ समय के लिए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। देवड़ा के स्वस्थ होकर क्वारेंटीन पीरियड पूरा करने के उपरांत वे शनिवार को व्यवस्था का जायजा लेने आ रहे हैं।

29-5-21

## वित्त मंत्री आज आपदा प्रबंधन की बैठक लेंगे

रतलाम ● प्रदेश के वित्त, वाणिज्य कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री जगदीश देवड़ा 29 मई को प्रातः 10.30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर सायं 4 बजे रतलाम आएंगे। श्री देवड़ा जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भाग लेने के उपरांत शाम 5.30 बजे रतलाम से मंदसौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

29-5-21

## वित्त मंत्री देवड़ा आज रतलाम में

रतलाम. प्रदेश के वित्त, वाणिज्य कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री जगदीश देवड़ा 29 मई शनिवार को प्रातः 10.30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर सायं 4 बजे रतलाम आएंगे। देवड़ा यहां जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष रतलाम में भाग लेने के बाद शाम 5.30 बजे रतलाम से मंदसौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

29-5-21

**यह कैसा सिस्टम** • 1-1 लाख रुपए की घोषणा के बाद आंकड़े छिपाने का नया खेल

# सरकारी अस्पताल में मौत तो मृत्यु प्रमाण-पत्र पर कोरोना दर्ज, प्राइवेट अस्पताल में होने पर कॉलम खाली छोड़ रहा नगर निगम

**भोपाल** | इसे आप सरकारी नियम व प्रक्रिया में विसंगति कहें या कोरोना से हो रही मौतों के आंकड़े छुपाने का नया तरीका, लेकिन इतना सच है कि दस्तावेज झूठ नहीं बोलते। भोपाल में कोरोना से हो रही मौतों को मृत्यु प्रमाण-पत्र पर जगह देने से पहले यह देखा जा रहा है कि मौत सरकारी अस्पताल में हुई है या प्राइवेट में। हमीदिया या अन्य सरकारी अस्पतालों में मृत्यु होने पर यहां से जो प्रमाण-पत्र जारी हो रहे हैं, उनमें टिप्पणी वाले कॉलम में बकायदा कोविड पॉजिटिव लिखा जा रहा है, किंतु निजी अस्पतालों में हो रही कोविड मौतों के जो प्रमाण-पत्र नगर निगम दे रहा है, उन पर मौत के कारण वाला कॉलम खाली रखा जा रहा है, जबकि निजी अस्पताल जो प्राइमरी सर्टिफिकेट मृतक के परिवार को दे रहे हैं, उनमें वे कोविड डेथ लिख रहे हैं।

भास्कर ने नगर निगम कमिश्नर वीएस चौधरी कोलसानी से जब इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा हम तो योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। इसके पहले कभी मृत्यु का कारण प्रमाण-पत्र पर नहीं लिखा। संचालनालय कमिश्नर अभिषेक सिंह बोले यह विसंगति है। हम सोमवार को स्पष्टीकरण जारी करेंगे और पूरे प्रदेश में सभी जगह से जारी होने वाले प्रमाण-पत्रों में एकरूपता सुनिश्चित करेंगे।

दै० भास्कर
27-5-21

# शहर के अंदर का विकास निगम तथा शहर के विस्तारीकरण का कार्य प्राधिकरण करें

रतलाम ● स्वदेश समाचार 27-5-21

## प्रशासक ने सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए, साथ ही विभागों की जानकारी ली

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर नगर में किये गये व चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली व नगर में पर्याप्त सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश संबंधितों को दिये।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शहर के विस्तारीकरण का प्रस्ताव तैयार करें जिसमें मास्टर प्लान हो साथ ही शहर के अन्दर विकास के कार्य नगर निगम करें व शहर के विस्तारीकरण का कार्य रतलाम विकास प्राधिकरण करें।

श्री झारिया ने मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के तहत किये गये कार्य व शेष कार्य की जानकारी से अवगत कराया साथ ही अमृत मिशन के तहत शहर के बड़े नालो को पक्का करना, सीवर लाईन स्थापना कार्य, कालिका माता व अमृत उद्यान का सौन्दर्यीकरण व सिटी ट्रांसपोर्ट की जानकारी से अवगत कराया। श्री



पुरूषोत्तम ने निर्देशित किया कि सीवर लाईन के तहत हाउस कनेक्शन के कार्य मे तेजी लाये व शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाये उन्होंने सीवर लाईन के एसटीपी प्लांट के कार्य की भी जानकारी ली।

इसके अलावा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना के द्वितीय चरण में 4 लेन सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य, खुमन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर, डोसीगांव व बंजली में निर्मित किये गये आवासीय फ्लेट, दुकाने तथा बीएलसी भवनों के निर्माण की जानकारी कलेक्टर ने ली। कलेक्टर को अमृत सागर तालाब जीर्णोद्धार, हनुमान ताल के शुद्धीकरण व सौन्दर्यीकरण, सूरजमल जैन नगर में अधोसंरचना विकास कार्य, नगरीय विकास के पंचवर्षीय रोड मेप में उल्लेखित सड़कों का निर्माण, जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड में ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण की जानकारी से श्री झारिया ने अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने नगर की सीमा, पेयजल आपूर्ति, धोलावाड़ जलाशय, मोरवानी फिल्टर प्लांट व निगम की अचल संपत्ति विक्रय के संबंध में जानकारी ली साथ ही संपत्तिकर व जलकर वसूली की जानकारी लेकर बकाया राशि वसूलने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरे का संग्रहण किया जा रहा है तो शहर के विभिन्न स्थानों पर कचरा क्यों दिखाई दे रहा है साथ ही वर्तमान में लॉकडाउन होने से व्यावसायिक क्षेत्र बंद है तो कचरा तो कहीं दिखाई नहीं देना चाहिये। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे सफाई कार्य में सुधार करें व शहर में कहीं भी कचरा दिखाई ना दें इसकी सुनिश्चित्ता की जाये।


स्वदेश 21 27-5-21

---

### नगर में पर्याप्त सफाई व्यवस्था बनाये रखने के दिये निर्देश

# कलेक्टर व प्रशासक ने नगर विकास की जानकारी ली

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर नगर में किये गये व चल रहे विकास कार्यो की जानकारी ली व नगर में पर्याप्त सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश संबंधितों को दिये।



कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम पुरुषोत्तम को निगम आयुक्त श्री झारिया ने मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के तहत किये गये कार्य व शेष कार्य की जानकारी से अवगत कराया साथ ही अमृत मिशन के तहत शहर के बड़े नालो को पक्का करना, सीवर लाईन स्थापना कार्य, कालिका माता व अमृत उद्यान का सौन्दर्यीकरण व सिटी ट्रांसपोर्ट की जानकारी से अवगत कराया। कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरुषोत्तम ने निर्देशित किया कि सीवर लाईन के तहत हाउस कनेक्शन के कार्य मे तेजी लाये व शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाये उन्होंने सीवर लाईन के एसटीपी प्लांट के कार्य की भी जानकारी ली।


इसके अलावा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना के द्वितीय चरण में 4 लेन सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य, खुमन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर, डोसीगांव व बंजली में निर्मित किये गये आवासीय फ्लेट, दुकाने तथा बीएलसी भवनों के निर्माण की जानकारी कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरुषोत्तम ने जानकारी ली। आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरुषोत्तम को अमृत सागर तालाब जीर्णोद्धार, हनुमान ताल के शुद्धीकरण व सौन्दर्यीकरण, सूरजमल जैन नगर में अधोसंरचना विकास कार्य, नगरीय विकास के पंचवर्षीय रोड मेप में उल्लेखित सड़कों का निर्माण, जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण की जानकारी से निगम आयुक्त श्री झारिया ने अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने नगर की सीमा, पेयजल आपूर्ति, धोलावाड़ जलाशय, मोरवानी फिल्टर प्लांट व निगम की अचल संपत्ति विक्रय के संबंध में जानकारी ली साथ ही संपत्तिकर व जलकर वसूली की जानकारी लेकर बकाया राशि वसूलने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरे का संग्रहण किया जा रहा है तो शहर के विभिन्न स्थानों पर कचरा क्यों दिखाई दे रहा है साथ ही वर्तमान में लॉकडाउन होने से व्यावसायिक क्षेत्र बंद है तो कचरा तो कहीं दिखाई नहीं देना चाहिये। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे सफाई कार्य में सुधार करें व शहर में कहीं भी कचरा दिखाई ना दें इसकी सुनिश्चित्ता की जाये। बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरुषोत्तम ने निर्देशित किया कि शहर के विस्तारीकरण का प्रस्ताव तैयार करें। जिसमें मास्टर प्लान हो साथ ही शहर के अन्दर विकास के कार्य नगर निगम करें व शहर के विस्तारीकरण का कार्य रतलाम विकास प्राधिकरण करें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, अरविन्द दशोतर, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, निगम सचिव जसवन्त जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, विकास मरकाम, सिद्धार्थ सोनी, श्रीमती अनिता ठाकुर, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, निजी सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, सहायक राजस्व उप निरीक्षक वासुदेव बैरागी आदि उपस्थित थे।

संक्रमण की रोकथाम के लिए....

# कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु नगरीय क्षेत्र में 202 कनटेंनमेंट झोन बनाये गए

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11 से 27 मई तक टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, धावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर मकान नम्बर 38 व 196, दीनदयाल नगर राधा-कृष्ण स्कूल के पास, शास्त्री नगर में 2, राजपूत बोर्डिंग के पास 2, महेश नगर, सनसिटी कॉलोनी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर में 1 व जी सेक्टर में 2, धीरजशाह नगर गली नम्बर



4 में 1 व गली नम्बर 5 में 2, सिलावटो का वास, कस्तुरबा नगर पीएण्डटी कॉलोनी, अम्बिका नगर, राजीव नगर, सुयोग परिसर, धावरिया बाजार, वेदव्यास कालोनी अभिलाषा अपार्टमेन्ट, खटीक मोहल्ला, दीनदयाल नगर डी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4, नेमीनाथ नगर, गौशाला रोड, सुतारो का वास, जवाहर नगर, जनता नगर, अलकापुरी, भोयरा बावड़ी, ताहेरपुरा, अलकापुरी मुख्य मार्ग, कस्तुरबा नगर सांवरिया स्वीट् के पास, जवाहर नगर, वागेश्वरी कॉलोनी, नेमीनाथ नगर, दीनदयाल नगर बी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4 आदर्श गुरु कल्याण नगर, रिद्धी-सिद्धी कालोनी, सिद्धांचलम एक्सटेंशन, महेश नगर, इन्द्रा नगर, सैनिक कालोनी, टाटा नगर गली नम्बर 1 व 8, सिलावटो का वास अन्न क्षेत्र, करमदी रोड, सुदामा परिसर, अजंता पैलेस, राजस्व कालोनी, खटीक मोहल्ला, हाथीखाना, खटीक मोहल्ला, गौशाला रोड, जाटो का वास, नैलाईपुरा, टाटा नगर गली नम्बर 7, अरिहंत परिसर सेक्टर नम्बर 2 में 2 व 1 में 1, नूरी नगर डंकाला रोड, सूरजमल जैन नगर, लक्ष्मीनगर ए कालोनी, एम.बी. नगर, लक्ष्मणपुरा पीएनटी कालोनी गली नम्बर 1, ग्लोबस टाउन शिप, अलकापुरी एम.आई.जी. 24 व 25 व अलकापुरी डी 27 व बी 279, हिम्मत विहार कालोनी, अशोक नगर, करण नगर, जूनी कलालसेरी, दीनदयाल नगर एफ सेक्टर, वेदव्यास कालोनी, ताहेरपुरा, श्रीमालीवास, जवाहर नगर व मोहन नगर में 2 कन्टेनमेंट, हाथीखाना, खान बावड़ी, गुलमोहर कालोनी, रामदेवजी की घाटी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर, करण नगर, जूनी कलालसेरी, कल्याण नगर, गांधी नगर, डोंगरे, इन्द्रा नगर, दीनदयाल नगर डी, ई व एफ सेक्टर, हिम्मत नगर में 2, महेश नगर, जवाहर नगर, अम्बेडकर नगर, कोमल नगर, मित्र निवास रोड, टीआईटी रोड पर 2, गुलमोहर कालोनी, महू रोड रायल कालेज के पास पटेल हाउस, आमलिया भेरू, रत्नपुरी, न्यू ग्लोबस सिटी, पीएनटी कालोनी, वीआईपी नगर, भोई मोहल्ला, जावरा रोड सीतला माता मंदिर, शास्त्री नगर रतलाम हास्पीटल के पास, लक्ष्मी नगर, जैन कालोनी नागरवास, महू रोड अविष्कार अपार्टमेन्ट, पीएनटी कालोनी, काटजू नगर, सिद्धांचलम, प्रताप नगर, धभाई जी का वास, दीनदयाल नगर ए सेक्टर, कोठारीवास, दो बत्ती पुलिस लाईन, जावरा रोड, जावरा रोड सीतला माता मंदिर, धीरजशाह नगर गली नम्बर 4, गांधी नगर, सनसिटी, तिरूपति नगर, देवरा देव नारायण नगर, रेहमत नगर, प्रताप नगर, दीनदयाल नगर, राम मंदिर के पास, मराठो का वास, मोचीपुरा, हाट रोड, राजस्व कालोनी, मिड टाउन कालोनी, सुरजमल जैन नगर, सुदामा नगर गली नम्बर 4, रामगढ़, दीनदयाल नगर बी सेक्टर, जवाहर नगर, राजीव नगर, सज्जन विहार कालोनी, मित्र निवास रोड, एकता नगर, काजीपुरा, भगतपुरी मुख्य मार्ग, ऋषभदेव नगर, रेलवे कालोनी, कस्तुरबा नगर, जवाहर नगर में कनटेन्मेंट झोन बनाये गये है इस तरह 17 दिवस में 202 कनटेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाये गये है।

इन्दौर समाचार
29-5-21


**मशक्कत शुरू•** धोलावड़ डेम में डेड स्टोरेज के लेवल से 4.6 मीटर ज्यादा पानी इसलिए चिंता नहीं

# 65 एचपी के मड पंप के भरोसे होगी अब आपूर्ति, जैकवेल से पानी उतरा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पौने तीन लाख शहरवासियों की प्यास अब 65 एचपी के एक मड पंप के भरोसे पर आ टिकी है, क्योंकि धोलावड़ डेम का पानी जैकवेल से भी दूर चला गया है। इसके बाद शहर तक पानी पहुंचाने के लिए जलप्रदाय अमले को तावड़तोड़ मड पंप चालू करना पड़े। परेशानी इसलिए नहीं आई क्योंकि आशंका पहले से थी इसलिए अमले ने 10 मई को ही 65 एचपी के दो मड पंप जैकवेल के आगे पानी में उतार दिए थे। अभी इनमें से एक को ही चलाकर पानी की लिफ्ट करके जैकवेल और इंटकवेल के मार्फत मोरवानी फिल्टर प्लांट भेजा जा रहा है। चिंता वाली बात इसलिए नहीं है क्योंकि डेम में अभी 384.60 मीटर पानी भरा है, जो डेड स्टोरेज से 4.6 मीटर ज्यादा है। इतने पानी से शहर की चार से पांच माह तक की आपूर्ति हो सकती है। डेम का जलस्तर सितंबर से अब तक के साढ़े आठ माह में करीब 10 मीटर घट गया है।

## मौजूदा व्यवस्था : जैकवेल से इंटकवेल तक पहुंच रहा पानी



जैकवेल से पानी उतरने के बाद अब मड से पानी इंटकवेल तक पहुंचा रहे हैं।

**फरवरी में ही उतर चुका पानी** - यूआईडीएसएसएमटी योजना में गलत लोकेशन पर बनाए गए नए इंटकवेल से तो डेम का पानी फरवरी में ही नीचे उतर चुका है। इसके बाद जलप्रदाय व्यवस्था इंटकवेल से 500 मीटर आगे बने जैकवेल पर आ टिकी थी, लेकिन 18 दिन में 0.45 मीटर जलस्तर गिरने के बाद पानी जेकवेल से भी दूर चला गया। इसके बाद नगर निगम को मड पंप चालू करना पड़े।

**शास्त्री नगर में टैंकर से सप्लाई** - मिनी स्मार्ट सिटी ठेकेदार ने जिस तरह लापरवाही से खुदाई करते हुए शास्त्री नगर मुख्य मार्ग के घरेलू कनेक्शन तोड़ दिए थे। उसी लापरवाही से उनकी मरम्मत भी कराई, जो एक ही दिन में खुल गई। उधर रहवासियों को परेशानी न उठानी पड़े इसलिए निगम टैंकर से पानी भेज रहा है। इंजीनियर सुहास पंडित ने बताया ठेकेदार से ही अच्छी तरह से नल कनेक्शन ठीक करवाए हैं।

### धोलावड़ डैम : 10 मीटर घटा जलस्तर

क्षमता 395 मीटर
सितंबर 2020- 394.65 मीटर
10 मई 2021- 385.05 मीटर
28 मई 2021- 384.60 मीटर
8.5 माह में जलस्तर घटा- 10 मीटर
डेड स्टोरेज- 380 मीटर

### शहर में पानी सप्लाई की स्थिति

अभी जरूरत - 34 से 34.5 एमएलडी
अभी मिल रहा - 32 से 33 एमएलडी
हैंडपंप व ट्यूबवेल - करीब 750
हैंडपंप व ट्यूबवेल से पानी मिल रहा - 0.5 से 1 एमएलडी
कमी - करीब 1 एमएलडी

23-5-21